भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3874

उत्तर दिनांक 18/12/2024 को दिया गया

राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति के लिए नामांकन

3874. डॉ. थोल तिरूमावलवन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति के लिए व्यक्तियों को नामित करने के लिए कितने संस्थान/संगठन पंजीकृत किए गए हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति पुरस्कार के लिए प्रत्येक श्रेणी के कितने वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों को नामित किया गया है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष प्रत्येक श्रेणी के कितने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को डी.ए.ई.-होमी भाभा चेयर के लिए चुना गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) राजा रामन्ना अध्येतावृत्ति के लिए व्यक्तियों को नामित करने के लिए कोई संस्थान/संगठन पंजीकृत नहीं है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष राजा रामन्ना अध्येतावृत्ति के लिए प्रत्येक श्रेणी से नामित वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	2019	2020	2021	2022	2023
नामित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों/ प्रौद्योगिकीविदों की संख्या	51	19	30	27	11

(ग) डीएई-होमी भाभा चेयर के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक श्रेणी से चयनित वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	2019	2020	2021	2022	2023
नामित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों/ प्रौद्योगिकीविदों की संख्या	-	-	1	1	1

*****